हिंदी रचनात्मक लेखन समिति : सृजन
वार्षिक रिपोर्ट
(जनवरी 2020 - दिसंबर 2020)

समिति संयोजक: डॉ. सुषमा सहरावत
परिषद् अध्यक्ष: नीरज रेक्सवाल

विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को उभारने हेतु कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की हिंदी रचनात्मक लेखन समिति 'सृजन' वर्षभर में अनेक प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और संगोष्ठियो का आयोजन करती है। विद्यार्थी हिंदी भाषा में विविध विधाओं के लेखन के माध्यम से अपनी रचनात्मक क्षमता को उजागर कर सकते हैं. सृजन समिति ने वर्ष 2020 में नए सत्र का प्रारंभ अपनी छात्रा परिषद् का गठन करते हुए किया. इसके लिए गूगल मीट पर चयन प्रक्रिया संपन्न की गई. चयनित छात्रा परिषद् का विवरण इस प्रकार है-

अध्यक्ष: नीरज रेक्सवाल
उपाध्यक्ष: साक्षी झा
सचिव : तिलित्मा
सह सचिव: गुलफिशा
सोशल मीडिया प्रभारी एवं चित्र संयोजक:
1.अनन्या पाण्डेय
2. गार्गी प्रियदर्शिनी
3. गायत्री

सृजन समिति के शिक्षक सदस्यों डॉ. सुषमा सहरावत (संयोजक), डॉ. मनोज कुमार, डॉ. कुमारी अनीता तथा डॉ. नीरू कुमारी ने उपरोक्त नव चयनित सदस्यों का समिति परिषद् में हार्दिक स्वागत किया.

<u>सृजन समिति</u>
<u>2020-2021</u>

नव चयनित परिषद् ने सर्वप्रथम सृजन के चिह्न अर्थात 'लोगो' का निर्माण कर इसे प्रस्तुत किया और समस्त सदस्यों ने एकमत से इसका स्वागत किया:

16 सितंबर 2020 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सृजन द्वारा **"नारा लेखन एवं वाचन प्रतियोगिता"** का आयोजन किया गया। नारा लेखन के लिए दो विषय दिए गए थे-1. कोरोना 2. डिजिटल भारत। विविध विषयों की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. सोना मंडल तथा श्रीमती कांति मीणा उपस्थित थीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त पांच प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए-

प्रथम पुरस्कार अभिलाषा* *द्वितीय पुरस्कार* पूजा बिजलानी*तृतीय पुरस्कार* नैना खातून*

पहला प्रोत्साहन पुरस्कार -आकांक्षा तंवर*द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार* -मोनिका* *तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार* आकृति मेहता*चौथा प्रोत्साहन पुरस्कार* -गीता* *पांचवा प्रोत्साहन पुरस्कार* -आयशा. प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता प्रभावित करने वाली रही।



सृजन' द्वारा दिनांक **25 नवंबर 2020** को प्रथम वर्ष की नवागत छात्राओं के लिए ***"ओरिएंटेशन प्रोग्राम"*** का आयोजन गूगल मीट के प्लेटफार्म पर किया गया। कार्यक्रम का आगाज़ समिति की संयोजक डॉ. सुषमा सहरावत के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने सृजन' के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रथम वर्ष की की छात्राओं का विधिवत स्वागत किया. साथ ही नव वर्ष की समस्त छात्राओं को सृजन समिति की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई. 'सृजन' समिति के परिचयात्मक उद्बोधन में समिति के शिक्षक सदस्यों डॉ. मनोज कुमार, डॉ. कुमारी अनीता तथा डॉ. नीरू कुमारी ने भाग लिया. इस क्रम में रचनाशीलता शब्द की चर्चा की गई और कॉलेज लाइफ में सृजनशीलता के द्वारा व्यक्तित्व निर्माण एवं कौशल विकास की जरुरत को रेखांकित किया गया. 'सृजन' की छात्रा सदस्यों नीरज रेक्सवाल, साक्षी झा, अनन्या पाण्डेय एवं गायत्री कुमारी ने विधिवत अपना परिचय देते हुए 'सृजन' के साथ के अपने संबंधों को बताया. कार्यक्रम के अंतिम हिस्से में प्रथम की कुछ

छात्राओं द्वारा मौलिक कविता पाठ किया गया. यह नवीन चिंतन, गहरी सामाजिक प्रतिबद्धता एवं नयी पीढ़ी की रचनात्मक ऊर्जा का प्रत्यक्ष प्रमाण था.





कॉलेज में स्थापित सृजन समिति के बोर्ड का परिषद् द्वारा नावोद्धार किया गया और पटल पर नव सामग्री को उत्साहपूर्वक स्थान देते हुए सजाया गया :